# बिहार सरकार
## पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

पत्रांक– पि0व0/02/ब० एवं आ०–17–06/2022– 33

प्रेषक,

अनिल कुमार ठाकुर, (भा0प्र0से0)
**सरकार के अपर सचिव।**

सेवा में,

जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी,
भागलपुर/ दरभंगा/ पटना/ खगड़िया/ शेखपुरा/जमुई/पूर्वी चम्पारण/
जहानाबाद/किशनगंज/सुपौल/कटिहार/मधेपुरा/
रोहतास/मुंगेर/भोजपुर/बेगूसराय/कैमूर/वैशाली/समस्तीपुर/
नवादा/पुर्णिया।

पटना, दिनांक– 21/4/25

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2025–26 में अन्य पिछड़े वर्गों के छात्र/छात्राओं के लिए संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास के संधारणार्थ रू० 1,86,38,600/–(रू0 एक करोड़ छियासी लाख अड़तीस हजार छः सौ) मात्र का आवंटन।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय अन्तर्गत पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास के संधारण हेतु विभिन्न मदों में कुल रू० 1,86,38,600/–(रू0 एक करोड़ छियासी लाख अड़तीस हजार छः सौ) मात्र संलग्न विवरणी के अनुसार आवंटित की जाती है।

2–कुल भारित व्यय की राशि वहन वित्तीय वर्ष 2025–26 में माँग संख्या–11 के अधीन आय–व्यय शीर्ष" 2225–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों का कल्याण 03– पिछड़े वर्गों का कल्याण–277–शिक्षा–0002– छात्रावासों का संधारण के तहत, विषय शीर्ष 13.01–कार्यालय व्यय, 1303–दूरभाष, 1304–विद्युत प्रभार, 2101– सामग्री एवं पूर्तियाँ तथा 2802– संविदा सेवाएँ विपत्र कोड संख्या–11-2225–03–277–0002 के अंतर्गत विकलनीय होगा।

3– इस राशि के लिए निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिलों के जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी होंगे। निकासी की गई राशि का व्यय विवरणी एवं उपयोगिता प्रमाण–पत्र राशि व्यय होने के पश्चात् विभाग को भेजेंगे। संबंधित उप विकास आयुक्त इसके नियंत्री पदाधिकारी होंगे।

4– राशि की निकासी एवं व्यय वित्त विभाग के पत्रांक–2561, दिनांक–17.04.1998 तथा समय–समय पर वित्त विभाग/राज्य सरकार द्वारा निर्गत पत्रो के आलोक में किया जायेगा। राशि की निकासी उतनी ही की जाय, जिसका वास्तविक व्यय दिनांक–31.03.2025 तक हो सके एवं व्यय की संभावना नहीं रहने पर शेष राशि वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व विभाग को प्रत्यर्पित कर दिया जाय। जिस मद में राशि आवंटित की जा रही है, उसी मद में राशि का व्यय किया जाय। किसी भी स्थिति में राशि का विचलन नहीं किया जायेगा एवं बैंक में संचित नही किया जायेगा।

5–प्रस्ताव एवं प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

6– प्रस्ताव पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

7– इसकी सूचना महालेखाकार, पटना को दी जा रही है।

8– कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना दी जाय।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन

21/4/2025

(अनिल कुमार ठाकुर)
**सरकार के अपर सचिव।**

PTO

3O4



ज्ञापांक– पि0व0/02/ब० एवं आ०–17–06/2022– 33 पटना, दिनांक– 21/4/25

प्रतिलिपि–(1) महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(2) वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(3) संबंधित जिला के कोषागार पदाधिकारी/ उप कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(4) उप सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/उप निदेशक, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(5) संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी/संबंधित उप विकास आयुक्त/संबंधित प्रमंडलीय उप निदेशक, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण /उप सचिव, (बजट प्रभारी)/ प्रशाखा पदाधिकारी (बजट प्रशाखा)/संबंधित सहायक (बजट)/आई०टी० मैनेजर, (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु) पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/4/2025

**सरकार के अपर सचिव।**

1303

## स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावासों के संधारणार्थ आवंटित राशि की विवरणी :--

वित्तीय वर्ष 2025--26

विपत्र कोड--11--2225--03--277--0002 (राशि रू0 में)

| क्र0सं0 | जिला का नाम | अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास का नाम | 1301 कार्यालय व्यय | 1303 दूरभाष | 1304 विद्युत प्रभार | 2101 सामग्री एवं पूर्तियाँ | 2802 संविदा सेवाएँ | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भागलपुर | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास (बालक) टी0एन0बी0 परिसर भागलपुर | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| | | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास (बालिका) विश्वविद्यालय परिसर भागलपुर | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 2 | दरभंगा | राज हाई स्कूल छात्रावास , दरभंगा | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 3 | पटना | अब्दुल क्यूम अंसारी पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास रानीघाट पटना | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 4 | खगडिया | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास कोशी कॉलेज खगडिया। | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 5 | शेखपुरा | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास शेखपुरा। | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 6 | जमुई | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास के0के0एम कॉलेज परिसर जमुई। | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 7 | पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास पूर्वी चम्पारण मोतिहारी | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 8 | जहानाबाद | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास जहानाबाद | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 9 | किशनगंज | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास डे मार्केट किशनगंज | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 10 | सुपौल | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास सुपौल | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 11 | कटिहार | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास के0बी0झा0 कॉलेज परिसर कटिहार | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| | | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास डी0सी0 कॉलेज परिसर कटिहार | 10000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 50000.00 | 500000.00 | 723900.00 |
| 13 | रोहतास (सासाराम) | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास मोकर रोहतास सासाराम | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 14 | मधेपुरा | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास मधेपुरा | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 15 | वैशाली | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास आरा | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 16 | मुंगेर | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास मुंगेर | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 17 | बेगूसराय | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास बेगूसराय | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 18 | भोजपुर | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास भोजपुर | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 19 | कैमूर | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास कैमूर | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 20 | समस्तीपुर | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास समस्तीपुर | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 21 | नवादा | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास बुधौल | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 22 | | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास रजौली | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| 23 | पूर्णिया | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास पूर्णिया | 15000.00 | 3900.00 | 160000.00 | 100000.00 | 500000.00 | 778900.00 |
| | | योग-- | 355000.00 | 93600.00 | 3840000.00 | 2350000.00 | 12000000.00 | 18638600.00 |

(रू0 एक करोड़ चौरान्वे लाख सत्रह हजार पाँच सौ) मात्र

पत्रांक-- 33 दिनांक-- 21/04/2025

21/4/25

सरकार के अपर सचिव